# बंगाल में यूसीसी पर बड़ा कदम



- समीक्षा करने के लिए 9 सदस्यीय समिति गठित
- बंगाल में यूसीसी बिल को अंतिम रूप देने की तैयारी

**कोलकाता, 11 जुलाई. पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी)-2026 के मसौदे की समीक्षा और परीक्षण के लिए नौ सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है.**

सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है. राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार समिति विधानसभा में विधेयक पेश किए जाने से पहले ड्राफ्ट बिल की व्यापक जांच कर अपनी सिफारिशें देगी. सरकार को उम्मीद है कि प्रस्तावित विधेयक विधानसभा के अगस्त सत्र में प्रस्तुत किया जा सकता है. अधिसूचना में कहा गया है कि विषय के व्यापक प्रभाव और इसके विभिन्न कानूनी एवं सामाजिक पहलुओं को देखते हुए ड्राफ्ट बिल की विस्तृत समीक्षा आवश्यक है. इसी उद्देश्य से राज्यपाल की स्वीकृति के बाद विशेषज्ञ समिति का गठन तत्काल प्रभाव से किया गया है. प्रस्तावित कानून का उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत नागरिक मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था उपलब्ध कराना है, चाहे उनका धर्म, आस्था या समुदाय कोई भी हो. सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित कानून में आदिवासी समुदायों सहित उन श्रेणियों को संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप छूट देने का प्रस्ताव रखा गया है.

**रंजना देसाई करेंगी अगुवाई**
समिति में जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के अलावा मेघालय के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय, आईएएस अधिकारी दुष्यंत नरियाला, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शत्रुघ्न सिंह, प्रमुख सचिव संघमित्रा घोष, मानव विज्ञान की पूर्व प्रोफेसर डॉ. रत्ना भट्टाचार्य, गौर बंग विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति गोपालचंद्र मिश्रा, कलकत्ता हाईकोर्ट के अधिवक्ता उस्मान गनी मल्लिक तथा पूर्व कार्यकारी निदेशक निर्मल्य भट्टाचार्य को सदस्य बनाया गया है.

**बिना मुकदमा 1 साल तक हिरासत**
पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था को और सख्त बनाने के उद्देश्य से दो नए कानून लागू करने का फैसला किया है. राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद लागू किया गया है. नए कानून के तहत ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी, जिन्हें समाज विरोधी या गुंडा गतिविधियों में शामिल माना जाएगा. ऐसे मामलों में आरोपियों को बिना मुकदमा चलाए अधिकतम 12 महीने तक हिरासत में रखा जा सकेगा.

## हवा में 10 मिनट मंडराया सम्राट का हेलीकॉप्टर

**वैशाली, 11 जुलाई. बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के वैशाली दौरे के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब उनका हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के बाद करीब 5 से 10 मिनट तक एक ही स्थान के आसपास हवा में मंडराता रहा.**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वैशाली में कई सरकारी योजनाओं के शुभारंभ और समीक्षा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर पर रजिस्ट्री की सुविधा और जीआईएस तकनीक के जरिए भूमि सत्यापन जैसी नई पहल की शुरुआत की. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे. हेलीकॉप्टर के सामान्य समय से अधिक देर तक हवा में बने रहने और कुछ पल के लिए नीचे आने जैसी स्थिति बनने से कार्यक्रम स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों की चिंता बढ़ गई. हालांकि कुछ मिनट बाद हेलीकॉप्टर ने दोबारा संतुलन बनाया और सुरक्षित रूप से पटना के लिए रवाना हो गया. घटना के कारणों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है. प्रशासन की ओर से भी हेलीकॉप्टर के हवा में अधिक देर तक मंडराने की वजह स्पष्ट नहीं की गई है. हेलीकॉप्टर की इस अप्रत्याशित स्थिति ने कुछ देर के लिए पूरे कार्यक्रम स्थल पर तनाव का माहौल बना दिया,



वैशाली में मची अफरा-तफरी

सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड में आ गईं और अक्षयवट राय स्टेडियम में तैनात पुलिसकर्मियों ने एहतियातन लोगों को मैदान से हटाना शुरू कर दिया. मौके पर मौजूद कई पत्रकार और कार्यकर्ता भी संभावित खतरे की आशंका से सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे, जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया.

### एक नजर में



### ज्ञान प्रकाश मणिपुर लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

**इम्फाल.** एच ज्ञान प्रकाश को मणिपुर लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग (कार्मिक प्रभाग) की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार श्री ज्ञान प्रकाश पद संभालने की तारीख से छह साल की अवधि के लिए या 62 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे. उनका वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें समय-समय पर संशोधित मणिपुर लोक सेवा आयोग नियामक-1972 के अनुसार तय होंगी.

### शिवराज देशभर के वृक्ष मित्रों से करेंगे संवाद

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को यहां पूसा परिसर में आयोजित पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम में देश भर के लगभग 17 हजार वृक्ष मित्रों से संवाद कर पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का सशक्त अभियान बनाने का आह्वान करेंगे और पर्यावरण संरक्षण के जनआंदोलन को नई ऊर्जा देंगे. यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र से जुड़ी देश की प्रतिष्ठित हस्तियां एवं 500 से अधिक वृक्ष मित्र प्रत्यक्ष रूप से शामिल होंगे,

## डॉन बाबा फरजान के काले साम्राज्य का खुलासा

- तहखाने से 5 करोड़ कैश सोना और हथियारों का जखीरा बरामद






**संभाजीनगर, 11 जुलाई. महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में 90 के दशक के कथित अंडरवर्ल्ड डॉन बाबा फ़रज़ान के आलीशान बंगले पर हुई क्राइम ब्रांच की छापेमारी की गई है.**

पुलिस ने बंगले के गुप्त हिस्सों और तहखाने की तलाशी के दौरान करीब 5 करोड़ नकद, 21 लाख के सोने के आभूषण, 8 लाख की चांदी चार राइफलें, 500 जिंदा कारतूस, तलवारें और कई धारदार हथियार बरामद करने का दावा किया है. नकदी इतनी ज्यादा थी कि उसकी गिनती के लिए मौके पर नोट गिनने की मशीनें मंगानी पड़ीं. इसके साथ ही संपत्ति और वित्तीय लेन-देन से जुड़े कई अहम दस्तावेज भी पुलिस के हाथ लगे हैं. खास बात यह है कि बाबा फ़रज़ान की मौत के कुछ समय बाद हुई इस कार्रवाई ने उनके कथित आपराधिक नेटवर्क और अवैध संपत्तियों को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस अब बरामद दस्तावेजों और हथियारों के आधार पर पुराने नेटवर्क, आर्थिक लेन-देन और संभावित सहयोगियों की जांच में जुटी है. इस हाई-प्रोफाइल रेड के बाद एक बार फिर 90 के दशक के उस डॉन का नाम सुर्खियों में है, जिसका कभी संभाजीनगर में दबदबा और खौफ माना जाता था.

## ज्ञान और विवेक से ही मजबूत बनता है राष्ट्र : अमित शाह

- पुस्तकालयों में जुटने वाली युवा भीड़ तय करती है देश का भविष्य



नई दिल्ली, 11 जुलाई. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि किसी देश का भविष्य कृषि, बाजार या उद्योग से नहीं बल्कि उसके पुस्तकालयों में जुटने वाली युवाओं की भीड़ से तय होता है. श्री शाह ने आज यहां नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) द्वारा उद्यान मार्ग में नवनिर्मित हाई-टेक, डिजिटल एवं अत्याधुनिक लोकनायक जयप्रकाश नारायण (जेपीएन) सार्वजनिक पुस्तकालय का लोकार्पण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी देश का भविष्य कृषि, बाज़ार या उद्योग से नहीं, बल्कि उसके पुस्तकालयों में जुटने वाली युवाओं की भीड़ से तय होता है.

### 14 जुलाई को देशभर में मनाया जाएगा तीसरा 'नमस्ते दिवस'

**नई दिल्ली.** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय 14 जुलाई को तीसरा नमस्ते दिवस मनाएगा. इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के कोलकाता में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जबकि देशभर के शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में भी स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान और कल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. यह जानकारी मंत्रालय ने शनिवार को दी.


**पश्चिम रेलवे**

"ई-निविदा सूचना"

Tender Notice No. W722-1-26-27-06 Date:- 09.07.2026. Name of work: रेलवे कॉलोनी दाहोद में कुल 282 रेलवे क्वार्टरों (174 टाइप-I, 78 टाइप-II, 14 टाइप-III और 16 टाइप-IV) की री-वायरिंग। सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद - 389160 I Approximate Cost of the work: 70,06,361/-. Date & time of Submission & opening of E-Tender: Submission Up to 15.00 Hrs on 03.08.2026 and the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website www.ireps.gov.in/E-Tenders/Works/IR Electrical by this office. 0146

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


## एआई विकसित भारत 2047 का मंत्र

**आईटी उद्योग को अश्विनी वैष्णव की बड़ी सलाह**

**एआई बनेगा सबसे बड़ा हथियार**



**हैदराबाद, 11 जुलाई. 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की अहम भूमिका होगी. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हैदराबाद में आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि एआई का दौर पूरी दुनिया के आईटी उद्योग को तेजी से बदल रहा है.**

ऐसे में भारत को इस बदलाव का पूरा लाभ उठाते हुए नवाचार, अनुसंधान और नई तकनीकों में नेतृत्व करना होगा. उन्होंने आईटी उद्योग से शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर उद्योग की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने और युवाओं को भविष्य के कौशल से लैस करने की अपील की. वैष्णव ने कहा कि सरकार देश की कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है.मंत्री वैष्णव ने विकसित भारत 2047' का मंत्र भी दिया. उन्होंने आईआईटी हैदराबाद में सेक्टर-विशिष्ट डेटा ट्रस्ट की पायलट परियोजना शुरू करने का भी सुझाव दिया, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता और उद्योग सुरक्षित तरीके से भारतीय डेटा का उपयोग कर सकें.

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 13 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है और मोबाइल फोन भारत का सबसे बड़ा व्यक्तिगत निर्यात उत्पाद बन गया है. उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां भारत को वैश्विक तकनीकी और विनिर्माण केंद्र के रूप में तेजी से स्थापित कर रही हैं.

### आज का इतिहास

1290 - इंग्लैंड के सम्राट ऐडवर्ड प्रथम के आदेश पर यहूदियों को बाहर निकाला गया.
1909 - हिन्दी फिल्मों के एक महान् फिल्म निर्देशक बिमल राय का जन्म.
1912 - क्वीन एलिजाबेथ अमेरिका में प्रदर्शित होने वाली पहली विदेशी फिल्म बनी
1918 - टोकायाम की खाड़ी में जापानी युद्धपोत में विस्फोट में 500 लोगों की मौत.
1960 - भागलपुर और रांची यूनिवर्सिटी की स्थापना.
1970 - अलकनंदा नदी में आई भीषण बाढ़ ने 600 लोगों की जान ली।
1972 - भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक एवं गूगल खोज अनुभाग के सीईओ सुंदर पिचाई का जन्म.
1982 - भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल का जन्म.
1998 - 16वें विश्वकप फ़ुटबाल के फ़ाइनल में फ़्रांस ने ब्राजील को 3-0 से हराया.
1999 - हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध सदाबहार अभिनेता राजेंद्र कुमार का निधन.
2001 - भारत और बांग्लादेश अगरतल्ला और ढाका के बीच मैत्री बस सेवा प्रारम्भ.

### हस्तियों के ट्वीट



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हमेशा की तरह, पुराने मीडिया ने स्थिति को गलत तरीके से पेश किया है. मैंने बस टेस्ला और स्पेसएक्स से ग्रोक 4.5 को आज़माने के लिए कहा था ताकि यह देखा जा सके कि क्या यह उनके काम को पूरा करता है, न कि यह कि वे हर हाल में इसका इस्तेमाल करें. अगर दूसरे ढ्ढ मॉडल तह्रश्व्व से बेहतर काम करते हैं, तो उन्हें उन्हीं का इस्तेमाल जारी रखना चाहिए.



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि अपनी और इटली सरकार की ओर से, मैं अंडालूसिया में लगी दुखद आग के पीड़ितों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूँ. हमारी संवेदनाएँ उन लोगों के परिवारों के साथ हैं जो लापता हो गए हैं और उन सभी के साथ जो इस गंभीर आपातकालीन स्थिति से प्रभावित हुए हैं. दुख की इस घड़ी में इटली, स्पेन और अंडालूसिया के लोगों के साथ खड़ा है.

## इथेनॉल पर केजरीवाल का विरोध



**नई दिल्ली, 11 जुलाई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने इथेनॉल 20 ईंधन को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं.**

उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए दावा किया कि दिल्ली के एक पेट्रोल पंप और सर्विस स्टेशन पर लोगों से बातचीत के दौरान इथेनॉल20 ईंधन के उपयोग से जुड़ी कई शिकायतें सामने आईं.

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर अपनी एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आज मैंने दिल्ली के एक पेट्रोल पंप और सर्विस स्टेशन पर जाकर ज़मीनी हक़ीक़त जानी. सरकार सफ़ेद झूठ बोल रही है.

इथेनॉल 20 के कारण गाड़ियों में सच में दिक्कतें आ रही हैं। आम लोग बहुत दुखी हैं। लगभग सभी लोगों की माइलेज कम हुई है और बहुत गाड़ियों में ख़राबी की शिकायत हैं.

### लखनपुर को मिला स्ट्रीट फूड हब का तोहफा

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री स्वनिधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के लखनपुर में स्ट्रीट फूड हब स्थापित करने को मंजूरी दी है. प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को इस निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा कि पहले चरण में चयनित शहरों और कस्बों में लखनपुर का शामिल होना जम्मू-कश्मीर के विकास, पर्यटन और स्थानीय लोगों की आजीविका को प्राथमिकता देने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है. उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान यह निर्णय विशेष महत्व रखता है. क्योंकि इससे श्रद्धालुओं, पर्यटकों और अन्य यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी.

**सेना पराक्रम** ▶ स्वदेशी युद्धपोत महेंद्रगिरि भारतीय नौसेना में शामिल

## हिन्द महासागर में बढ़ेगी भारत की ताकत



**विशाखापत्तनम, 11 जुलाई. अत्याधुनिक स्वदेशी स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस महेंद्रगिरि शनिवार को यहां में एक समारोह में नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे ऐतिहासिक अवसर और इस अग्रिम पंक्ति के युद्धपोत को भारत की जहाज निर्माण में बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया.**

पिछले डेढ़ वर्ष में नौसेना में शामिल होने वाला यह प्रोजेक्ट 17 ए का छठा स्वदेशी युद्ध पोत है. इसमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है. इसका डिजाइन भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है. समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आईएनएस महेंद्रगिरि तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार नौसेना के निर्माण के प्रति देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि समुद्री और आर्थिक सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं. उन्होंने भारत के सागर दृष्टिकोण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी और कहा कि मानवीय सहायता, समुद्री डकैती रोधी अभियानों तथा ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा में नौसेना की भूमिका भारत के आर्थिक हितों की रक्षा में उसके योगदान को दर्शाती है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने कहा कि आईएनएस महेंद्रगिरि का शामिल होना स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे नौसेना की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट 17ए के तहत शुभारंभ से डिलीवरी तक का समय 63 महीने से घटाकर 31 महीने और कुल निर्माण अवधि 95 महीने से घटाकर 75 महीने कर दी गयी है. जबकि सभी तकनीकी परीक्षण केवल एक समुद्री परीक्षण में पूरे किये गये.


**SMFG Grihashakti** Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालयः 503 और 504, पाँचवीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051। पंजीकृत कार्यालयः कॉमर्सोन आईटी पार्क, टावर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

**प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ।** इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध अचल सम्पत्तियां ("सुरक्षित आस्तियां") जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका कब्जा एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (जिसे इसके बाद एसएमएचएफसी कहा जाएगा) ("सुरक्षित ऋणदाता") के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, **"जहां है जैसा है", "जो है जैसा है"** और **"जहां है जैसा है"** के आधार पर बेची जाएंगी। नीचे उल्लिखित दिनांक और समय पर, नीचे उल्लिखित बकाया राशि की वसूली के लिए और वसूली की तारीख तक उस पर ब्याज और अन्य खर्चों के लिए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) से एसएमएचएफसी सुरक्षित ऋणदाता को देय।

| स. क्रं. | उधारकर्ता/गारंटर का नाम लैन | संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्यः / बयाना राशि जमाः | ई-नीलामी की तिथि और समय | ईएमडी जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन नं. 615040111187323 1. मुकेश कुमार सेन 2. कृष्णा | यह पूरी प्रॉपर्टी दुकान नंबर 07 है, जो प्लॉट नंबर C-10, हरि वाटिका पार्ट 2, नगर पालिका वार्ड नंबर 26, गांव टोडी, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर, म.प्र. (पिन कोड 458001) का हिस्सा है। इसका कुल क्षेत्रफल 247 वर्ग फुट यानी 22.94 वर्ग मीटर है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व – दुकान नंबर 06, पश्चिम – प्लॉट नंबर 60 पर बना घर, उत्तर – कॉलोनी रोड, दक्षिण – प्लॉट नंबर C-9। | रु. 12,40,000/- / रु. 1,24,000/- | 28.07.2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | 27.07.2026 |

बिक्री की शर्तें और नियम नीचे दिए गए हैं। इनकी जानकारी हमारी/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट पर इन लिंक (https://BidDeal.in और https://www.grihashakti.com/pdf/E-Auction.pdf) पर भी उपलब्ध है। इच्छुक बोली लगाने वाले इनसे भी संपर्क कर सकते हैं: कमल भलसे (मोबाइल नंबरः 9424908099, ईमेलः kamal.bhalse@grihashakti.com) और निलॉय डे (मो.नं.: 8655619157, ईमेलः Niloy.Dey@grihashakti.com)।

स्थान : मंदसौर, मध्य प्रदेश
दिनांक : 10.07.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास वि. / यां संभाग क्र. 15, ई-1 /7, नर्मदा कॉलोनी, स्कीम नं. 78 विजय नगर, इन्दौर (म. प्र. )**
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

नि.सू. क्र. 40 / ई टेण्डर / 2026-27 / व.ले. लि. — दि. 07/07/2026

| स.क्र. | ई.निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_NVDA_519802_1 | कटोरा उदवहन सिंचाई परियोजना मण्डलेश्वर जिला खरगोन (म.प्र.) के स्टेज क्र. 03 पर स्थित पंप नं. 05 में मेटल एक्सपेंशन जाईन्ट प्रदान और लगाये जाने का कार्य। | रू. 60000.00 (रुपये साठ हजार) मात्र | रू.1200.00 (रू. एक हजार दो सौ) मात्र | रू. 1000.00 (एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 21 दिन |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : 29/07/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 31/07/2026, 10:30 से 31/07/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 31/07/2026, 10:30 से 31/07/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/ कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

G15495/26

कार्यपालन यंत्री
न. वि. वि / यां सं. क्र 15, इन्दौर



**SMFG Grihashakti** Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालयः 503 और 504, पाँचवीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051। पंजीकृत कार्यालयः कॉमर्सोन आईटी पार्क, टावर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

**प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए 30 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ।** इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध अचल सम्पत्तियां ("सुरक्षित आस्तियां") जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका कब्जा एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (जिसे इसके बाद एसएमएचएफसी कहा जाएगा) ("सुरक्षित ऋणदाता") के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, **"जहां है जैसा है", "जो है जैसा है"** और **"जहां है जैसा है"** के आधार पर बेची जाएंगी। नीचे उल्लिखित दिनांक और समय पर, नीचे उल्लिखित बकाया राशि की वसूली के लिए और वसूली की तारीख तक उस पर ब्याज और अन्य खर्चों के लिए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) से एसएमएचएफसी सुरक्षित ऋणदाता को देय।

| स. क्रं. | उधारकर्ता/गारंटर का नाम लैन | संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्यः / बयाना राशि जमाः | ई-नीलामी की तिथि और समय | ईएमडी जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन नं. 601639210990075 एवं 601639210991460 1. इमरान बेग 2. नूरबेगम | वामन हट्स' (सतगुरु रेसीडेंसी) ब्लॉक A नाम की मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग में दूसरी मंजिल पर स्थित फ़्लैट नं. 207; यह बिल्डिंग आशियाना पैलेस कॉलोनी के प्लॉट नं. 76, 77, 78, 95, 96, 97 पर बनी है, जो गाँव काली बिल्लौद, तहसील देपालपुर, ज़िला इंदौर (म.प्र. 453001) में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 405 वर्ग फीट है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व- फ़्लैट नं.204 ब्लॉक A, पश्चिम - प्लॉट नं.79, उत्तर - कॉमन पैसेज (साझा रास्ता), दक्षिण - सड़क। | रु. 9,90,000/- / रु. 99,000/- | 17.08.2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | 14.08.2026 |
| 2 | लैन नं. 601739511890675 एवं 601739211890411 1. नीलिमा महेश बोके 2. श्री महेश पुरूषोत्तम बोके | यह पूरी प्रॉपर्टी (घर और जमीन का हिस्सा) सर्वे नंबर 471/1, गाँव पडल्याकलां, मोहल्ला न्यू गांधी कॉलोनी के पास, तहसील नागदा, ज़िला उज्जैन में स्थित है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में श्री कैलाशचंद्र रावल का घर, पश्चिम में श्रीमती कृष्णा कुंवर दिलवाई का घर, उत्तर में आम रास्ता और दक्षिण में गली। कुल क्षेत्रफल 46.44 वर्ग मीटर है। | रु. 35,60,000/- / रु. 3,56,000/- | 17.08.2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | 14.08.2026 |

बिक्री की शर्तें और नियम नीचे दिए गए हैं। इनकी जानकारी हमारी/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट पर इन लिंक (https://BidDeal.in और https://www.grihashakti.com/pdf/E-Auction.pdf) पर भी उपलब्ध है। इच्छुक बोली लगाने वाले इनसे भी संपर्क कर सकते हैं: कमल भलसे (मोबाइल नंबरः 9424908099, ईमेलः kamal.bhalse@grihashakti.com) और निलॉय डे (मो.नं.: 8655619157, ईमेलः Niloy.Dey@grihashakti.com)।

स्थान : इन्दौर, उज्जैन, मध्य प्रदेश
दिनांक : 10.07.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।